इस प्रश्न–पत्र में 48 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड संख्या – 71/S/222

सेट – A1

# मनोविज्ञान
# (222-H)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. प्रश्नपत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।
7. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **71/S/222, सेट – A1** लिखें।
8. (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

**सामान्य अनुदेश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# मनोविज्ञान

# (222-H)

**समय : 3 घण्टे** ] [ **पूर्णांक : 100**

*निर्देश :*

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **48** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड – 'अ'** में शामिल हैं :

(a) प्र. सं. **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न – प्रत्येक **1** अंक का है। इन सभी प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें एवं लिखें।

(b) प्र. सं. **21** से **32** – वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्र. सं. **21** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का हैं। (प्रत्येक **1** अंक के **2** उप–भागों के साथ) और प्र. सं. **30** से **32** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है (प्रत्येक **1** अंक के **4** उप–भागों के साथ)। **21** से **32** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(v) **खण्ड – 'ब'** में शामिल हैं :

(a) प्र. सं. **33** से **38** – **2** अंकों के अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनका उत्तर **30** से **50** शब्दों में दीजिए।

(b) प्र. सं. **39** से **44** – लघु उत्तरात्मक प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **50** से **80** शब्दों में दीजिए।

(c) प्र. सं. **45** से **48** – दीर्घ उत्तरात्मक प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं जिनका उत्तर **80** से **120** शब्दों में दीजिए।

खण्ड - अ

**1** ________ उपागम मुख्य रूप से सूचना प्रसंस्करण के अध्ययन पर केंद्रित है। **1**

(A) व्यवहारवादी
(B) मनोविश्लेषणात्मक
(C) संज्ञानात्मक
(D) जैविक

**2** ________ से तात्पर्य भरोसेमंद परिणाम प्राप्त करने के संदर्भ में स्थिरता से है। **1**

(A) विश्वसनीयता
(B) वैधता
(C) वस्तुनिष्ठता
(D) परीक्षण

**3** ________ वह माप है जिसे वह मनोवैज्ञानिक परीक्षण में मापने का दावा करता है। **1**

(A) मानकीकृत
(B) वैधता
(C) आत्मवाद
(D) विश्वसनीयता

**4** वह प्रक्रिया जिसमें ऊर्जा एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो जाती है ________ कहलाती है। **1**

(A) संवेदना
(B) प्रत्यक्षीकरण
(C) अवधान
(D) प्रतिक्रिया

**5** गुरुत्व के संदर्भ में शरीर की दिशा को ________ के रूप में जाना जाता है। **1**

(A) शारीरिक अभिविन्यास
(B) गंध का बोध
(C) स्वाद बोध
(D) मनोगति

**6** ऐसी क्षमता जिसमें दूरी या साधारण अवरोध, जानकारी प्राप्त करने में या घटना का प्रत्यक्षीकरण करने में, कोई बाधा नहीं डालते हैं ________ कहलाती है। **1**

(A) क्लेयरवायंस
(B) पूर्वसंज्ञान
(C) मनोगति
(D) अंधविश्वास

**7** जब आपके पास दूरी का आकलन करने और मोनोकुलर (एक नेत्रीय) और बायोनोकुलर (द्विनेत्रीय) संकेतों को शामिल करते हुए त्रि–आयामी स्थान को समझने की क्षमता होती है तो इसे ________ कहा जाता है। **1**

(A) गहराई का प्रत्यक्षीकरण
(B) संवेदना
(C) अवधान
(D) प्रत्यक्ष स्थिरता

**8** ________ से तात्पर्य छोटी मांसपेशियों की गतिविधियों जैसे पकड़ना, चुटकी काटना इत्यादि पर नियंत्रण से है। **1**

(A) साधारण गतिक विकास
(B) निपुण गतिक विकास
(C) संवेदी विकास
(D) भावनात्मक विकास

**9** प्रारम्भिक बाल्यकाल की अवधि ________ तक होती है। **1**

(A) 1 से 2 वर्ष (B) 2 से 10 वर्ष
(C) 2 से 6 वर्ष (D) 1 से 5 वर्ष

**10** जब कोई व्यक्ति कैरियर चुनने, पारिवारिक जीवन शुरू करने में व्यस्त होता है तो वह ________ में प्रवेश करता है। **1**

(A) बचपन (B) किशोरवस्था
(C) युवा प्रौढ़ता (D) मध्य आयु

**11** दो लोगों के बीच सार्थक बातचीत जिसमें संवाद करने के लिए शब्दों का प्रयोग किया जाता है ________ कहलाती है। **1**

(A) अमौखिक संचार (B) मौखिक संचार
(C) व्यक्तिगत संचार (D) सांकेतिक भाषा संचार

**12** जब मेरे विचार, भावनाएँ और व्यवहार मेरे शिक्षक के प्रति अच्छे होते हैं तो वह दर्शाता है कि मेरी अभिवृत्ति ________ है। **1**

(A) अनुकूल (B) प्रतिकूल
(C) तटस्थ (D) पक्षपाती

**13** तनाव के दौरान चिंता, क्रोध, अपराध–बोध, ईर्ष्या की भावना को ________ के रूप में जाना जाता है। **1**

(A) व्यवहारात्मक प्रतिक्रिया (B) भावनात्मक प्रतिक्रिया
(C) संज्ञानात्मक प्रतिक्रिया (D) जैविक प्रतिक्रिया

**14** डी.एस.एम. का पूर्ण रूप है ________। **1**

(A) नैदानिक और सांख्यिकीय नियम
(B) विकार और मानक मैट्रिक्स
(C) भेदभाव और व्यवस्थित मानसिक विकार
(D) नैदानिक और संरचनात्मक मैनुअल।

**15** एक प्रकार का संघर्ष जिसमें व्यक्ति में एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ने और उससे बचने की प्रबल प्रवृत्ति होती है, उसे ________ कहा जाता है। **1**

(A) प्रस्ताव–प्रस्ताव द्वंद्व (B) प्रस्ताव–परिहार द्वंद्व
(C) परिहार–परिहार द्वंद्व (D) कुंठा

**16** जब एक स्किज़ोफ्रेनिक व्यक्ति को कुछ ऐसा देखने के रूप में गलत संवेदी धारणा होती है जो शारीरिक रूप से मौजूद नहीं है तो इसे ________ कहा जाता है। **1**

(A) मतिभ्रम (B) भ्रम

(C) स्वप्न (D) अनिद्रा

**17** सोनी को एक ऐसा विकार है जिसमें अलग–अलग समय पर अलग–अलग व्यक्तित्व उभरकर सामने आते हैं। डॉक्टर ने बताया कि वह ________ से पीड़ित है। **1**

(A) विघटन अस्तित्व मनोविकार (B) विघटनशील स्मृतिलोप

(C) विघटनशील पहचान (फ्यूग) (D) व्यक्तित्वलोप विकार

**18** यदि किसी बच्चे को ध्यान केंद्रित करने में समस्या हो या वह अत्यधिक सक्रिय हो, उसे _______ के रूप में निदान किया जा सकता है। **1**

(A) ए.डी.एच.डी. (B) ऑटिस्टिक

(C) सीखने की अक्षमता (D) तनाव

**19** नेतृत्व की किस शैली में, नेता लक्ष्य निर्धारित करने में कर्मचारियों के साथ पूरी तरह से भाग लेता है और द्विमार्गीय वार्तालाप करता है। **1**

(A) सत्तावादी (B) पितृसुलभ

(C) मंत्रणात्मक (D) सहभागी

**20** ________ संगठन में उत्पादकता विकसित करने की रणनीति है। **1**

(A) प्रशिक्षण और विकास (B) चयन

(C) प्रतिस्पर्धा (D) निर्माण

**21** (i) स्वतन्त्र चर क्या हैं? **1×2**

(ii) आश्रित चर क्या हैं?

**22** सही / गलत बताइए – **1×2**

(i) एक प्रतिबन्धित (बंद) प्रश्नावली में व्यक्तियों को सीमित विकल्प दिए जाते हैं।

(ii) साक्षात्कार में डाटा संग्रह आमने–सामने नहीं किया जाता है।

**23** (i) शास्त्रीय अनुबंधन में जब बजर बजाया जाता है लेकिन कुछ परीक्षणों के लिए कुत्ते को भोजन नहीं दिया जाता, तो क्या होगा? **1×2**

(ii) शास्त्रीय अनुबंधन में स्वतः परिवर्तित क्या है?

24 (i) त्रिविमीय स्थान और यथार्थ दूरियों के निर्णय की क्षमता ________ कहलाती है। 1×2

(ii) सोनू रस्सी को साँप समझता है, उद्दीपन का विकृत प्रत्यक्षीकरण। यह घटना क्या है ?

25 एक वाक्य में उत्तर दीजिए – 1×2

(i) संचार का एक तत्व लिखिए।

(ii) हाव–भाव (शारीरिक भाषा) किस प्रकार का संचार है ?

26 कमज़ोर मानसिक स्वास्थ्य का संकेत देने वाले व्यवहार के बारे में सही या गलत बताइए – 1×2

(i) असंगठित और अव्यवस्थित व्यवहार कमज़ोर स्वास्थ्य का कारण बनते हैं।

(ii) अच्छे पारस्परिक संबंध खराब मानसिक स्वास्थ्य का संकेत है।

27 (i) संगठन क्या है ? 1×2

(ii) किसी संगठन की लक्ष्य प्रणाली की व्याख्या कीजिए।

28 (i) किसी संगठन में पारस्परिक संचार का क्या महत्व है ? 1×2

(ii) संगठनात्मक वातावरण से आप क्या समझते है ?

29 (i) भीड़ के कोई दो प्रभाव बताइए। 1×2

(ii) भारतीय संदर्भ में भीड़ एक बहुत बड़ा आनंद और सुखद अनुभव हो सकता है। शोध के अनुसार, उन अवसरों का उल्लेख कीजिए।

30 (i) भारतीय सामाजिक व्यवस्था में किशोरावस्था की व्याख्या कीजिए। 1×4

(ii) एरिक्सन के अनुसार प्रत्येक अवस्था किससे चिह्नित होती है ?

(iii) कुछ किशोर अपनी पहचान को लेकर असमंजस में क्यों रहते हैं ?

(iv) किशोरावस्था में अस्पष्टता क्यों होती है ?

31 (i) प्रेषण के माध्यम से अभिवृत्ति कैसे सीखी जा सकती है ? संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 1×4

(ii) अभिवृत्ति परिवर्तन में संचार का स्रोत कैसे महत्वपूर्ण हो सकता है ?

(iii) अभिवृत्ति परिवर्तन में संदेश की प्रकृति क्यों महत्वपूर्ण है ?

(iv) किसी व्यक्ति की कौन–सी विशेषता अभिवृत्ति परिवर्तन को कठिन बनाती है ?

32 (i) मानसिक स्वच्छता शब्द से आप क्या समझते हैं ? 1×4

(ii) अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए यथार्थ संपर्क एक महत्वपूर्ण कारक है। कैसे ?

(iii) आत्मसम्मान क्या है ?

(iv) सकारात्मक विचार हमें सकारात्मक और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में कैसे मदद कर सकते हैं ?

## खण्ड - ब

**33** (i) सीखना (अधिगम) क्या है? **2**

**अथवा**

(ii) सीखने के दो बुनियादी प्रकार कौन–से हैं?

**34** (i) आवश्यकताएँ क्या हैं? प्राथमिक आवश्यकताओं का उल्लेख कीजिए। **2**

**अथवा**

(ii) मास्लो के अनुसार आत्म–सिद्धि की व्याख्या कीजिए।

**35** संप्रेषण क्या है? संक्षेप में वर्णन कीजिए। **2**

**अथवा**

अमौखिक संचार के किन्हीं दो लाभों का वर्णन कीजिए।

**36** मौखिक संचार से आप क्या समझते हैं? **2**

**37** नेतृत्व शैली के प्रकारों के नाम बताइए। **2**

**38** त्रिगुणात्मक सिद्धांत के सात्विक गुण से आप क्या समझते हैं? **2**

**39** (i) सर्वेक्षण विधि क्या है? आप सर्वेक्षण विधि का उपयोग कहाँ कर सकते हैं? **3**

**अथवा**

(ii) किसी शोध के लिए आँकड़े एकत्र करने की विभिन्न विधियाँ क्या हैं? किन्हीं तीन विधियों की व्याख्या कीजिए।

**40** (i) मौखिक अधिगम का उपयोग कहाँ किया जाता है? **3**

**अथवा**

(ii) कौशल अधिगम क्या है? कौशल अधिगम के कुछ उदाहरण दीजिए।

41 (i) अभिवृत्ति के किन्हीं तीन कार्यों का वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

(ii) अभिवृत्ति के घटकों का वर्णन कीजिए।

42 व्यक्ति को प्रभावित करने वाले विभिन्न तनावों की व्याख्या कीजिए। 3

43 मनुष्य में त्रिगुणों का वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

प्राणमय कोश (वाइटल शीथ) के किन्हीं तीन प्राणों का वर्णन कीजिए।

44 वृद्धावस्था के दौरान समस्याओं का सामना करने की कुछ रणनीतियों का वर्णन कीजिए। 3

45 (i) डाटा (प्रदत्त) एकत्र करने के विभिन्न मनोवैज्ञानिक उपकरण क्या हैं? विस्तार से वर्णन कीजिए। 5

(ii) व्यक्ति अध्ययन (केस स्टडी) विधि सर्वेक्षण विधि से कैसे भिन्न है? लोगों की राय जानने के लिए किस विधि का उपयोग किया जा सकता है?

46 किशोरावस्था में संक्रमण के नमूने को निर्धारित करने वाले कारकों का विस्तार से वर्णन कीजिए। 5

47 कार्यस्थल पर पारस्परिक संबंधों को विस्तार से समझाइए। 5

**अथवा**

संगठनात्मक वातावरण के निर्धारकों की व्याख्या कीजिए।

48 वर्तमान समय में लोगों में तीनों गुण एक साथ कैसे मौजूद हैं? विस्तार से वर्णन कीजिए। 5